एव ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवा इमानि च पञ्चमहाभूतानि पृथिवी वायुराकाश आपो ज्योतींषीत्येतानीमानि च क्षुद्रमिश्राणीव बीजानीतराणि चेतराणि चाण्डजानि च जारुजानि च स्वेदजानि चोद्भिजानि चाश्वा गावः पुरुषा हस्तिनो यत्किंचेदं प्राणि जङ्गमं च पतत्रि च यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रम् । प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म ।।३।।

स एतेन प्रज्ञानेनात्मनास्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत् ।।४।।

अत्र वर्णितचरौ परमात्मप्रत्यगात्मानौ, परमात्मा स्रष्टा प्रत्यगात्मा जीवश्च शरीरनिवासी। अनयोः कतरोऽयमात्मा ? यं वयमुपास्महे, सेवामहे। येन सहायभूतेन पश्यति जगत् साक्षात् करोति चक्षुषा जीवात्मा, येन करणीभूतेन जीवात्मा श्रृणोति शब्दाननुभवति। पुनःयेन दत्तशक्तिना गन्धानाजिघ्रति घ्राणविषयं करोति। येन वाचं वाणीं व्यारोति निर्धारयति, दत्त विवेकबलेन। येन च दत्तयसामर्थ्येन स्वादु अस्वादु च विजानाति। स एव करणकारकीभूतो यत् पदार्थः परमात्मा उपास्यः।

यथोक्तं ध्रुवेण—

योऽन्तः प्रविश्य ममवाचमिमां प्रसुप्तां
संजीवयत्यखिलशक्तिधरः स्वधाम्ना ।
अन्यांश्च हस्तचरणश्रवणत्वगादीन्
प्राणान्नमो भगवते पुरुषाय तुभ्यम् ।

(भा० ४/९/५)

एवं पश्यत्यादिविजानात्यन्तानां क्रियाणां कर्ता जीवात्मा समुपासकः । एवं तृतीयैकवचनान्तयच्छब्दवाच्यः परमात्मा उपास्यः , इति श्रौततात्पर्यम् ।

अथ द्वितीये तस्य निवासस्थानपर्यायाणि निरूपयति । स हृदये विलोक्यते, हृदि अयम् इमौ द्वौ शब्दौ यत्र तद्धृदयम् । तस्यैव मन आदयो नामविशेषाः । एवं सर्वाणि प्रज्ञानब्रह्मणः नामधेयानि अस्तित्वसूचकनामानि । शरीरशरीरिभावेन विशेषणविशेष्यभावेन च नीलमुत्पलमित्यादिवत् । जगज्जगदीशयोरभेदं प्रतिपत्तुं तृतीये समानाधिकरणशब्दावलिमाह—इन्द्रादि क्षुद्रजीवपर्यन्तानि भगवच्छरीराणि सर्वमिदं चिद्चिदात्मकं प्रज्ञानेत्रम् । प्रज्ञा परमचेतना एव नेत्रं यस्य तथाभूतम् । एवं चिद्चिदात्मकं जगत् प्रज्ञाने परब्रह्मणि प्रतिष्ठितम् । लोकोऽपि प्रज्ञयैव नीयते । एवं प्रज्ञैव सर्वेषां प्रतिष्ठा, तथैव प्रज्ञानं प्रकृष्टज्ञानवत् ब्रह्म । जीवात्मनि ज्ञानं सदपि निकृष्टमज्ञानेनावृतत्वात् । **अज्ञानेनावृतं ज्ञानम्** (गीता ५/१५) ब्रह्म प्रकृष्ट ज्ञानवत् , अज्ञाननिरवच्छिन्नत्वात् । प्रकृष्टं ज्ञानं यस्य तत् प्रज्ञानम् एवं भूतं ब्रह्म । स एतेन प्रज्ञेन परमात्मना कृतसहायेन अयं जीवात्मा अस्मात् लोकादुत्क्रम्य मर्त्यलोकोत्क्रमणं विधाय अमुष्मिन् स्वर्गे स्वर्लोके गीयते इति स्वर्गः साकेत लोकः, तस्मिन् सर्वान् कामान् भगवत्प्रसादभूतान् आप्त्वा प्राप्य अमृतः समभवत् , भगवत् कैङ्कर्यजन्यपरमानन्दामृतसम्पन्नः समभवत् । द्विरुक्तिरादरार्थाः ।

हे राम राघव रघूत्तम रावणारे
हे जानकीश जनचातकवारिवाह ।
हे देव हे पतितपावन रामभद्रा-
चार्यं करालकलितं परिपाहि पापात् ।।

ऐतरेयोपनिषदो रामभद्रार्यसूरिणा ।
श्री राघवकृपाभाष्यं कृतं सीतेशतुष्टये ।।

श्रीराघवकृपाभाष्यं श्रीराघवकृपाकृतम् ।
श्रीराघवकृपां देयाच्छ्रीराघवकृपाफलम् ।।

इत्येतरेयोपनिषदि श्रीचित्रकूटतुलसीपीठाधीश्वरजगद्गुरुरामानन्दाचार्यस्वामिरामभद्राचार्य प्रणीतं तृतीयाध्याये श्रीराघवकृपाभाष्यंसम्पूर्णम् ।

।। श्रीराघवोः शन्तनोतु ।।

●

।। श्रीमद्राघवो विजयतेतराम् ।।

।। श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमः ।।

ऐतरेयोपनिषद्

श्रीराघवकृपाभाष्य

श्री ऐतरेयोपनिषत् का
पदवाक्यप्रमाणपारावारीण-
कवितार्किकचूडामणि वाचस्पति-
श्री जगद्गुरूरामानन्दाचार्य स्वामि रामभद्राचार्य-
प्रणीत श्रीमज्जगद्गुरूरामानन्दाचार्यसम्प्रदायानुसारि
विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्त-प्रतिपादक श्रीराघवकृपाभाष्य ।।

।। श्रीमद्राघवो विजयतेतराम् ।।

।। श्रीमते रामानन्दाचार्याय नमः ।।

अथ ऐतरेयोपनिषद्

श्रीराघवकृपाभाष्य

।। मङ्गलाचरण ।।

पाथोजकन्दशरदिन्दुमधुव्रतेभ,
पञ्चास्यमारकतमन्मथदर्पहारी ।
रामोलसन्मुनिपटेषुधिचापबाणः,
सीतापतिर्विजयते श्रितचित्रकूटः ।।१।।

नवजलधरकान्तो लोललोलालकान्तो,
गुणमहितदिगन्तो भूषणोद्यद्वसन्तः ।
किलकितकलवाचा रञ्जयन् मातृवर्णं,
पितुरजिरगतः श्रीराघवः शन्तनोतु ।।२।।

प्रनवऊँ सीताराम पवनसुत गौर गिरीसा ।
हृदय राखि गुरुदेव चरन हनुमान हरीसा ।।
सम्प्रदाय सम्मान विशिष्टाद्वैत मनोहर ।
सीताराम भक्ति भागीरथि यथामति भाखौं ।
रामभद्र आचार्य जेहिं रामभद्र रस चाखौं ।।

।। शान्तिपाठ ।।

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यमृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्।।

ॐ शान्तिः। शान्तिः।। शान्तिः।।।

अब श्रीसीतारामजी की कृपा से ऐतरेयोपनिषद् पर श्रीराघवकृपाभाष्य किया जा रहा है। उसमें पहले शान्तिपाठ द्वारा ऋषि प्रार्थना करते हैं कि— हे परमेश्वर! मेरी वाणी मेरे मन में प्रतिष्ठित हो और मेरा मन मेरी वाणी में प्रतिष्ठित हो। जिससे मैं मनन करके बोलूँ और बोले हुए विषय का मनन करूँ। वाणी के देवता अग्नि को तेजस्वी बनाऊँ और मन के देवता चन्द्र से वाणी को शीतल कर लूँ। यही बात सन्त कबीर भी कहते हैं—

ऐसी बाणी बोलिए मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करै आपहुँ शीतल होय।।

और हे भगवन्! आप मेरे समक्ष प्रकट हों। मन और वाणी मुझ में वेद के गम्भीर तत्व को प्रकट करें। शास्त्र मुझे न छोड़े इस वैदिक अध्ययन से मैं दिन-रात को जोड़ दूँ अर्थात् मैं दिन-रात एक करके वेद का अध्ययन करूँ। मैं यथार्थ बोलूँगा, मैं सन्तों के लिए हितकर बोलूँगा। इसलिए आप मेरी रक्षा कीजिए। इसलिए वेद के वक्ता की भी रक्षा कीजिए। मेरी और वेदवक्ता की रक्षा कीजिए, रक्षा कीजिए। जीवों के तीनों ताप के शान्ति के लिए तीन बार शान्ति का उच्चारण किया गया।। श्री।।

।। अथ प्रथमअध्याय ।।

।। प्रथम खण्ड ।।

सम्बन्ध– 'इ' अर्थात् काम को पार करने वाली एक ब्राह्मण पत्नी का नाम इतरा है। इम् कामं तरति या सा इतरा। उस इतरा के बेटे को ऐतरेय कहते हैं। इतरायाः अपत्यं ऐतरेयः। उसी ऐतरेय नाम महर्षि ने यह उपनिषद् कही इसीलिए इसे ऐतरेयोपनिषद् कहते हैं। जो लोग तथाकथित समाजसुधार की लिप्सा से इतरा शब्द को जाति वाचक और वर्णेयतरा के अर्थ में मान लेते हैं, उन अल्पमेधष्कों को कम से कम इतना तो समझ लेना चाहिए कि— ढक् प्रत्यय स्त्रीलिंग में वर्तमान किसी व्यक्तिवाचक संज्ञा से होता है। स्त्रीभ्योढक् (पा०अ०- ४/१/१२०) अतः यहाँ इतरा ऋषि पत्नी का ही नाम है।। श्री ।।

ॐ आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्। नान्यत्किञ्चन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– सृष्टि के पहले यह सम्पूर्ण जगत् एकमात्र आत्मप्रधानसत्ता कथा अर्थात् उस समय केवल परमात्मा की कृपा से इस जीव जगत् का कोई नाम रूप नहीं था। यह सब कुछ परमात्मा में ही छिपा हुआ था। परमात्मा ने ईक्षण अर्थात् संकल्प किया "अब मैं जीव के भोगार्थ उसके अनुकूल लोकों की रचना करूँ" ।। श्री ।।

व्याख्या– यहाँ व्युत्ययो बहुलम् (पा०अ०- ३/१/८५) सूत्र से आत्मा और एक शब्द में सप्तमी एकवचन ङि के अर्थ में सु हुआ है। अर्थात् सृष्टि के पहले सम्पूर्ण जीवजगत् एक मात्र परब्रह्म परमात्मा में ही लीन था और कोई भी चिद् या अचिद् कोई चेष्टा नहीं कर रहा था। ईक्षत् शब्द लङ् लकार प्रथमपुरुष एकवचन में है। यहाँ भी व्यत्यय से आट् का अभाव अर्थात् ऐक्षत् के स्थान पर ईक्षत् प्रयोग हुआ। 'सृजै' सृज् धातु आत्मनेपद लोट्लकार उत्तमपुरुष एकवचन का रूप है।। श्री ।।

संगति– अब लोक की सर्जना का प्रकार कह रहे हैं॥ श्री॥

स इमाँल्लोकानसृजत्। अम्भो मरीचीर्मरमापोदोऽम्भः परेण दिवं द्यौः प्रतिष्ठाऽन्तरिक्षं मरीचयः पृथिवी मरो या अधस्तात्ता आपः ॥२॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– भगवान् 'आप' ने संज्ञक चार लोकों की रचना की जिसमें स्वर्ग ही अम्भ है। जो स्वर्ग और आकाश में प्रतिष्ठित है। इसमें अतिरिक्त महर, जन, तप, सत्य ये चार मरीचिसंज्ञक हैं। क्योंकि ये प्रकाशबहुल होते हैं। पृथ्वी मर है। क्योंकि यहीं लोग मरते हैं। अतलादि सात लोक आप हैं। जो पृथ्वी से नीचे हैं और जिनमें जल की बहुलता है॥ श्री॥

स ईक्षतेमे नु लोका लोकपालान्नु सृजा इति सोऽद्भ्य एव पुरुषं समुद्धृत्यामूर्च्छयत् ॥३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– परमात्मा ने संकल्प किया— ये लोक तो बना दिये। अब लोकपालों की रचना करनी चाहिए। इसलिए जल में से ही निकाल कर परमेश्वर ने पुरुष को विस्तारित कर दिया॥ श्री॥

संगति– अब जीवात्मा के विस्तार का प्रकार कहते हैं॥ श्री॥

तमभ्यतपत्तस्याभितप्तस्य मुखं निरभिद्यत यथाण्डं मुखाद्वाग्वाचोऽग्निर्नासिके निरभिद्येतां नासिकाभ्यां प्राणः प्राणाद्वायुरक्षिणी निरभिद्येतामक्षिभ्यां चक्षुश्चक्षुष आदित्यः कर्णौ निरभिद्येतां कर्णाभ्यां श्रोत्रं श्रोत्राद्दिशस्त्वङ्निरभिद्यत त्वचो लोमानि लोमभ्य ओषधिवनस्पतयो हृदयं निरभिद्यत हृदयान्मनो मनसश्चन्द्रमा नाभिर्निरभिद्यत नाभ्या आपानोऽपानान्मृत्युः शिश्नं निरभिद्यत शिश्नाद्रेतो रेतस आपः ॥४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब परमात्मा ने उस पुरुष में ज्ञान का संचार किया। इस प्रकार परमात्मा से तेजायित पुरुष का मुख निकला। जैसे गर्भ से कोई अण्डा निकलता है। मुख से वाणी और वाणी से अग्नि

प्रकट हुई। फिर प्राण से वायु उत्पन्न हुए। फिर विराट् पुरुष की दो आँखें प्रकट हुईं उनसे चक्षु अर्थात् दर्शनशक्ति एवं उस चक्षु से सूर्य नारायण प्रकट हुए। अनन्तर पुरुष के कान उत्पन्न हुए। कानों से श्रवणशक्ति और श्रवण से दिशा उत्पन्न हुई। फिर पुरुष की त्वाचाएँ निकली, त्वचाओं से रोम और रोम से औषधियाँ उत्पन्न हुईं। फिर पुरुष का हृदय निकला, उससे मन और मन से चन्द्रमा की उत्पत्ति हुई। इसी प्रकार पुरुष की नाभि उत्पन्न हुई। नाभि से अपान और अपान से मृत्यु उत्पन्न हुआ। इसी प्रकार पुरुष का शिश्न। शिश्न से रेतस् और उससे सामान्य जलों की उत्पत्ति हुई॥ श्री॥

॥ इति ऐतरेयोपनिषद् के प्रथम अध्याय का
प्रथम खण्ड सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

•

॥ अथ द्वितीय खण्ड॥

संगति– अब अन्न की रचना का प्रकार कहते हैं॥ श्री॥

ता एता देवताः सृष्टा अस्मिन् महत्यर्णवे प्रापतंस्तमशनायापिपासाभ्यामन्ववार्जत्। ता एनमब्रुवन्नायतनं नः प्रजानीहि यस्मिन् प्रतिष्ठिता अन्नमदामेति॥१॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– वे देवता भगवान् के द्वारा रचे जाने पर इस महासंसारसागर में पड़ गये। ऐसे इस जीवात्मा को भूख और प्यास ने घेर लिया। अब ईश्वर ने सोचा 'इसे मैं अन्न दूँ'॥ श्री॥

संगति– अब इसके बाद होने वाली घटना कहते हैं॥ श्री॥

ताभ्यो गामानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति।
ताभ्योऽश्वमानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति॥२॥

ताभ्यः पुरुषमानयत्ता अब्रुवन् सुकृतं बतेति।
पुरुषो वाव सुकृतम्।
ता अब्रवीद्यथाऽऽयतनं प्रविशतेति॥३॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उन देवताओं के लिए परमात्मा गाय लाये। देवताओं ने कहा— यह हमारे लिए प्रर्याप्त नहीं है। फिर परमात्मा घोड़ा लाये। देवताओं ने कहा— यह भी हमारे लिए पर्याप्त नहीं है। फिर परमात्मा ने पुरुष का निर्माण कर उसी को उपस्थित किया। उसे देख कर देवता प्रसन्न होकर बोले— भगवन्! यह बहुत सुन्दर रचना है। भगवान् ने कहा फिर इसी में तुम सब प्रवेश कर जाओ और अब देवताओं ने पुरुष में प्रवेश करने का निश्चय किया॥ श्री॥

अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशद्वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशदादित्यश्चक्षुर्भूत्वाऽक्षिणी प्रावशद्दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविशन्नोषधिवनस्पतयो लोमानि भूत्वा त्वचं प्राविशँश्चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशन्मृत्युरपानो भूत्वा नाभिं प्राविशदापो रेतो भूत्वा शिश्नं प्राविशन्॥४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अग्नि वाणी बन कर मुख में प्रविष्ट हुए। वायु प्राण बन कर नासिका में। आदित्य चक्षु बन कर नेत्रों में। दिशायें श्रोत्र बन कर कर्णों में। ओषधियाँ रोम बन कर त्वचाओं में, चन्द्रमा मन बन कर हृदय में, मृत्यु अपान बनकर नाभि में तथा जल के देवता वरुण रेत बनकर शिश्न में प्रविष्ट हुए। यही देवताओं का इन्द्रिय अवतार है॥ श्री॥

तमशनायापिपासे अब्रूतामावाभ्यामभिप्रजानीहीति। ते अब्रवीदेतास्वेव वां देवतास्वाभजाम्येतासु भागिन्यौ करोमीति। तस्माद्यस्यै च देवतायै हविर्गृह्यते भागिन्यावेवास्यामशनायापिपासे भवतः॥५॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– संस्कृत में भूख को अशनाया कहते हैं। भूख और प्यास ने परमात्मा से कहा— हमारे लिए कोई स्थान बनाइये। तब भगवान् ने कहा— हम तुम दोनों को इन देवों में बाँट देते हैं। जब इनको हवि दी जायेगी तब तुम दोनों इन्हें दिखाई पड़ोगी॥ श्री॥

॥ इति ऐतरेयोपनिषद् के प्रथम अध्याय का द्वितीय खण्ड सम्पन्न हुआ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु॥

●

।। अथ तृतीय खण्ड ।।

संगति– अब अन्न की रचना का प्रकार कहते हैं।। श्री ।।

स ईक्षतेमे नु लोकाश्च लोकपालाश्चान्नमेभ्यः सृजा इति ।।१।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– परमात्मा ने संकल्प किया कि— ये लोक और लोकपाल बना दिये गये, अब मैं इनके लिए अन्न की रचना करूँ ।। श्री ।।

सोऽपोऽभ्यतपत्ताभ्योऽभितप्ताभ्यो मूर्तिरजायत। या वै सा मूर्तिरजायताऽन्नं वै तत् ।।२।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– फिर परमात्मा ने जल को अपने तेज से आविष्ट किया और परमात्मा से तेजायित जल से एक मूर्ति अन्न बन गयी ।। श्री ।।

तदेनत्सृष्टं पराङत्यजिघांसत्तद्वाचा जिघृक्षत्तन्नाशक्नोद्वाचा ग्रहीतुम्। स यद्धैनद्वाचाऽग्रहैष्यदभिव्याहृत्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ।।३।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उस अन्न को पुरुष ने वाणी से ग्रहण करना चाहा पर नहीं ग्रहण कर सका। यदि वाणी से ग्रहण कर सकता तो अन्न को बोल कर ही तृप्त हो जाता और भोजन की आवश्यकता न होती ।। श्री ।।

तत्प्राणेनाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोत्प्राणेन ग्रहीतुं स।
यद्धैनत्प्रणेनाग्रहैष्यदभिप्राण्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– तब पुरुष ने उसे नाम से ग्रहण करना चाहा पर नहीं ग्रहण कर सका। यदि अन्न को प्राण से ग्रहण कर लेता तो फिर अन्न को सूँघ कर ही तृप्त हो जाता।। श्री ।।

तच्चक्षुषाऽजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्चक्षुषा ग्रहीतुं स यद्धैनच्चक्षुषाऽग्रहैष्यद् दृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ।।५।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– तब पुरुष ने अन्न को नेत्र से ग्रहण करना

चाहा। पर ऐसा नहीं कर सका। यदि वह नेत्र से ग्रहण कर लेता तो अन्न को देख कर ही तृप्त हो लेता॥ श्री॥

तच्छ्रोत्रेणाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्छ्रोत्रेण ग्रहीतुं स यद्धैनच्छ्रोत्रेणाग्रहैष्यच्छ्रुत्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥६॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब पुरुष ने अन्न को श्रवण से ग्रहण करना चाहा, पर ग्रहण नहीं कर सका। यदि श्रवण से ग्रहण कर लेता तो फिर अन्न को सुन कर ही तृप्त हो जाता॥ श्री॥

तत्त्वचाऽजिघृक्षत्तन्नाशक्नोत्त्वचा ग्रहीतुं सा यद्धैनत्वचाऽग्रहैष्यत्स्पृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥७॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उसने त्वचा से अन्न को ग्रहण करना चाहा पर नहीं ग्रहण कर सका। यदि त्वचा से ग्रहण कर लेता तो अन्न को स्पर्श करके ही तृप्त हो जाता॥ श्री॥

तन्मनसाऽजिघृक्षत्तन्नाशक्नोन्मनसा ग्रहीतुं सा यद्धैनन्मनसाऽग्रहैष्यद्ध्यात्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥८॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उसने मन से अन्न को ग्रहण करना चाहा पर नहीं ग्रहण कर सका। यदि मन से अन्न ग्रहण कर सकता तो अन्न को ध्यान करके ही तृप्त हो जाता॥ श्री॥

तच्छिश्नेनाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोच्छिश्नेन ग्रहीतुं स यद्धैनच्छिश्नेनाग्रहैष्यद्विसृज्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥९॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उसने शिश्न से अन्न को ग्रहण करना चाहा पर नहीं ग्रहण कर सका। मदा शिश्न से अन्न ग्रहण कर सकता तो विसर्जन करके ही तृप्त हो जाता॥ श्री॥

तदपानेनाजिघृक्षत्तदावयत् सैषोऽन्नस्य ग्रहो यद्वायुरन्नमायुर्वा एष यद्वायुः ॥१०॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अन्त में पुरुष ने अपान वायु से अन्न

को ग्रहण करना चाहा और उसने अन्न को ग्रहण कर लिया। अर्थात् खाकर अन्न निगल गया। यही अन्न को ग्रहण करने वाला है इसी को वायु कहते हैं। 'आवयति इति वायुः' अर्थात् जो ग्रहण कर ले उसे वायु कहते हैं ॥ श्री ॥

संगति– अब आत्म-मीमांसा का निरूपण करते हैं ॥ श्री ॥

स ईक्षत कथं न्विदं मदृते स्यादिति स ईक्षत कतरेण प्रपद्या इति। स ईक्षत यदि वाचाऽभिव्याहृतम् यदि प्राणेनाभिप्राणितं यदि चक्षुषा दृष्टं यदि श्रोत्रेण श्रुतं यदि त्वचा स्पृष्टं यदि मनसा ध्यातं यद्यपानेनाभ्यपानितं यदि शिश्नेन विसृष्टमथ कोऽहमिति ॥ ११ ॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– उस परमात्मा ने विचार किया कि— यह जीव मेरे बिना कैसे रह सकेगा। मैं इसका नित्य सखा और शाश्वत सम्बन्धी हूँ। इससे एक क्षण यह मेरे बिना नहीं रह सकता। अतः मैं इसके लिए रचे हुए शरीर में चरण या मस्तिष्क इनमें से किस मार्ग से प्रवेश करूँ। यदि यह वाणी से बोलता है, जिसकी प्रेरणा से नाक से सूँघता है, जिसकी इच्छा से नेत्र से देखता है, कान से सुनता है, जिसकी इच्छा से रसना से स्वाद लेता है, त्वक् से छूता है, जिसकी संकल्प शक्ति से यह मन से ध्यान करता है, अपान से ग्रहण और शिश्न से विसर्जन करता है, वह मैं कौन हूँ ?

व्याख्या– यहाँ 'ईक्षत्' शब्द का तीन बार प्रयोग करके भगवती श्रुति ने सत्यसंकल्प परमात्मा की ईक्षण की ओर संकेत किया है। क्योंकि श्रुति और स्मृति इन दोनों ने ही जीवात्मा के साथ परमात्मा का अविनाभावसम्बन्ध सिद्ध किया है। गीता (१०/४०) में भगवान् कृष्ण स्वयं कहते हैं— हे अर्जुन! सम्पूर्ण भूतों का जो बीज है, वह मैं हूँ। संसार में जड़-चेतन ऐसा कुछ भी नहीं है जो मेरे बिना रह सके। अर्थात् मैं प्रत्येक क्षण प्रत्येक प्राणी के साथ रहता हूँ। इसी सिद्धान्त का प्रस्तुत ऐतरेय श्रुति ने प्रपञ्चन किया है ॥ श्री ॥

संगति– अब परमात्मा के प्रवेश का प्रकार कहते हैं ॥ श्री ॥

स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत। सैषा विदृतिर्नाम द्वास्तदेतन्नान्दनम्। तस्य त्रय आवसथास्त्रयः स्वप्नाः अयमावसथोऽयमासवथोऽयमासवथ इति ॥१२॥

स जातो भूतान्यभिव्यैख्यत् किमिहान्यं वावदिषदिति। स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततममपश्यत्। इदमदर्शमिती ३ ॥१३॥

तस्मादिन्द्रो नामेदन्द्रो ह वै नाम। तमिदन्द्रं सन्तमिन्द्र इत्याक्षचते परोक्षेण। परोक्षप्रिया इव हि देवाः परोक्षप्रिया इव हि देवाः ॥१४॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– अब परमात्मा ने पुरुष की सीमा अर्थात् शिर के मध्य भाग्य को विदीर्ण करके इसी द्वार से पुरुष के शरीर में प्रवेश किया। इसलिए इसको ब्रह्मरन्ध्र और विदृति भी कहते हैं और इसको नानन्दन भी कहते हैं। इस परमात्मा के तीनों लोक और तीनों वेद, आवसथ अर्थात् निवास स्थान है। वस्तुतः नित्य, मुक्त, बद्ध भेद से जीवात्मा तीन प्रकार का है। उसके ये तीन शरीर ही परमात्मा के तीन आवसथ अर्थात् तीन गृह हैं। इन्हीं को श्रुति ने अयं कह कर तीन बार संकेतित किया। जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति यही तीन इसके स्वप्न हैं। अर्थात् जीवात्मा के शरीर में रहते हुए परमात्मा तीनों अवस्थाओं में सोते रहते हैं। इसलिए उनको 'पुरुष' कहते हैं। पुर, उ, ष याने जो जीवात्मा के शरीररूप पुर में निश्चयपूर्वक निश्चिन्तता से सोते हैं वही परमात्मा पुरुष हैं। 'पुर् शरीर उ निश्चयेन शेते इति पुरुषः।' यहाँ प्रषरोदरादित्वात् 'श' के स्थान पर मूर्धन्य 'ष' हो गया है॥ श्री॥

इस प्रकार जीवात्मा के शरीर में जब परमात्मा ने प्रवेश किया तब जन्म लेते ही जीवात्मा ने देखा— अरे! यहाँ मेरे अतिरिक्त दूसरा कौन चेष्टा कर रहा है। अनन्तर उस जीव आत्मा ने अपने चारों ओर व्याप्त ब्रह्म को ही देखा। और भाव से बोला 'इदमदर्शम्' अर्थात् बहुत काल से भूले हुए इस अपने मित्र को अभी-अभी मैंने देख लिया। चूँकि जीवात्मा ने 'ईदमदर्शं' शब्द कह कर बार-बार चिल्लाया इसीलिए संक्षेप में इसे इदन्द्र कहने लगे। और परोक्ष से इस जीवात्मा को देवता इन्द्र कहने लगे

और इसे भी बहुत अच्छा लगा क्योंकि देवता परोक्ष प्रिय होते हैं। इस सिद्धान्त को दृढ़ करने के लिए श्रुति इस वाक्य को दुहराती हैं। देवता परोक्ष प्रिय होते हैं थोड़ा-सा करके अपना नाम बहुत चाहते हैं। परन्तु दैवीसम्पत्ति के लोग अपने को परोक्ष में रखना चाहते हैं, सम्भवतः इसीलिए सम्पूर्ण श्रीमद्भागवत में शुक्राचार्य के परमगुरु श्रीराधा रानी ने प्रत्यक्षरूप से अपना नाम भी नहीं आने दिया। यद्यपि परोक्षरूप में अपने प्रथम मंगलाचरण अर्थात् भागवत् (२/४/१४/३) में श्रीशुक्राचार्य ने परोक्षरूप में राधा जी का नाम ले लिया है ॥ श्री ॥

॥ इति ऐतरेयोपनिषद् के प्रथम अध्याय पर श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पन्न हुआ ॥

॥ श्रीराघवः शन्तनोतु ॥

●

॥ अथ द्वितीयअध्याय ॥

॥ प्रथम खण्ड ॥

संगति– अब इस अध्याय में पुरुष के तीन जन्मों का वर्णन करते हैं। वास्तव में जब पिता कोई विशेष अन्न खाता है उसी के साथ जन्म लेने वाला जीवात्मा पिता के मन में प्रवेश कर जाता है। फिर वह पिता के रेत में प्रवेश करके माता के गर्भ में आता है। और फिर दशवें महीने माँ के गर्भ से जन्म लेता है। यही जीवात्मा के जन्म की सामान्य प्रक्रिया है ॥ श्री ॥

पुरुषे ह वा अयमादितो गर्भो भवति। यदेतद्रेतः तदेतत्सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यस्तेजः संभूतमात्मन्येवात्मानं बिभर्ति तद्यदा स्त्रियां सिञ्चत्यथैनज्जनयति तस्य प्रथमं जन्म ॥१॥

तत् स्त्रिया आत्मभूतं गच्छति। यथा स्वमङ्गं तथा। तस्मादेनां न हिनस्ति। साऽस्यै तमात्मानमत्रगतं भावयति ॥२॥

सा भावयित्री भावयितव्या भवति। तं स्त्रीगर्भं बिभर्ति। सोऽग्र

एव कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावयति। स यत्कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधि-भावयत्यात्मानमेव तद्भावयत्येषां लोकानां सन्तत्या। एवं सन्तता हीमे लोकास्तदस्य द्वितीयं जन्म ॥३॥

सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते। अथास्यमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म ॥४॥

तदुक्तमृषिणा— गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा। शतं मा पुर आयसीररक्षन्नधः श्येनो जवसा निरदीयमिति। गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाच ॥५॥

स एवं विद्वानस्माच्छरीरभेदादूर्ध्व उत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान्कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत् ॥६॥

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– पुरुष में यह प्रथम गर्भ होता है। जिसे हम रेतस् कहते हैं। वह सम्पूर्ण अंगों से इकट्ठा हुआ तेज अपने में तेज धारण करता है और उसी का स्त्री में सिञ्चन करके गर्भाधान क्रिया से जन्म देता है यह जीवात्मा का प्रथम जन्म है। वह गर्भ अपनी माता रूप स्त्री के साथ उसी प्रकार आत्मभूत हो जाता है जैसे उसका अपना अंग। इसीलिए वह बालक अपनी माँ को नहीं मारता और वह नारी भी अपने गर्भ में आये हुए शिशु का बहुत सम्मान करती है॥ श्री॥

वह स्त्री गर्भ धारण करने के कारण सबके लिए सम्माननीय हो जाती है और जन्म के समय सम्मानपूर्वक कुमार को उत्पन्न करती है। मानो अपने को ही सम्मानित कर रही हो। चूँकि वह दशमास पर्यन्त बालक के जन्म के पहले तक उसे ससम्मान अपने गर्भ में धारण करती है इसीलिए जन्म लेने वाली सन्तान से सभी लोग सम्मानित होते हैं और यही इस पुरुष का दूसरा जन्म है। वही इसका आत्मा, पुण्य से पुनः परिवर्तित होता है। अर्थात् स्वयं वैवाहिक जीवन स्वीकार करके सन्तति परम्परा का विस्तार करता है और धर्मपूर्वक जीवन जीकर कृतकृत्य होकर

जब इस शरीर को छोड़ कर अन्यत्र जाता है। यही इसका तीसरा जन्म है। गर्भ में शयन करते हुए महर्षि वामदेव ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके इस प्रकार कहा— मैंने माँ के गर्भ में रहते हुए ही देवताओं के अनेक जन्मों को जान लिया। सैकड़ों सैकड़ों लौह के शृंखलाओं जैसी यातनाएँ मेरी नीचे से रक्षा कर रही थी। अर्थात् मुझे नहीं निकलने दे रही थी किन्तु मैंने ब्रह्मज्ञान के वेग से इन सब शृंखलाओं को तोड़ डाला। इस प्रकार इसी जन्म में ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके महर्षि वामदेव ने इस लोक से ब्रह्मलोक जाकर वहाँ सभी भगवदीय कामनाओं का उपभोग करके, मातृगर्भ की यातनाओं से मुक्त होकर, सर्वदा के लिए अमृत हो गये। अर्थात् परब्रह्म श्रीराम के नित्य परिकर हो गये॥ श्री॥

॥ इति ऐतरेयोपनिषद् के द्वितीय अध्याय पर श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पन्न हुआ ॥

॥ **श्रीराघवः शन्तनोतु** ॥

•

॥ अथ तृतीयअध्याय ॥

॥ प्रथम खण्ड ॥

संगति– अब इस अध्याय में आत्मा की मीमांसा की जा रही है। यहाँ आत्मतत्व परमात्मापरक समझना चाहिए॥ श्री॥

कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे। तकत स आत्मा, येन वा पश्यति, येन वा शृणोति येन वा गन्धानाजिघ्रति येन वा वाचं व्याकरोति येन वा स्वादु चास्वादु च विजानाति॥१॥

यदेतद् हृदयं मनश्चैतत्। संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृतिर्मतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः संकल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति सवाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति॥२॥

एव ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवा इमानि च पञ्च

महाभूतानि पृथिवी वायुराकाश आपो ज्योतींषीत्येतानीमानि च क्षुद्रमिश्राणीव बीजानीतराणि चेतराणि चाण्डजानि च जारुजानि च स्वेदजानि चोद्भिजानि चाश्वा गावः पुरुषा हस्तिनो यत्किंचेदं प्राणि जङ्गमं च पतत्रि च यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रम्। प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म ।।३।।

स एतेन प्रज्ञानेनात्मनास्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन्स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वाऽमृतः समभवत्समभवत् ।।४।।

रा०कृ०भा० सामान्यार्थ– यहाँ ऋषिगण जिज्ञासा कर रहे हैं— जिसकी हम उपासना करते हैं। क्योंकि अपनी कोई उपासना नहीं कर सकता। अतः उपासक और उपास्य में भेद सिद्ध कर दिया। यहाँ आत्मा शब्द से प्रत्यगात्मा और परमात्मा दोनों ही बुद्धि में आरूढ़ होते हैं। जीवात्मा शरीर का निवासी है और परमात्मा उसका मित्र। अतः यहाँ तरप् प्रत्यय का प्रयोग करते हैं। अर्थात् इन दोनों में से हम किसकी उपासना करें। यहाँ यह ध्यान रहे कि— पश्यति आदि क्रियाओं में कर्त्ता जीवात्मा है और येन शब्द से सूचित होने वाला करणकारक का तात्पर्य परमात्मा है। अतः उत्तर देते हैं— जिसकी सहायता से यह जीवात्मा रूप को देखता है, जिसके सामर्थ्य से शब्दों को सुनता है, जिसकी शक्ति से गन्ध का अघ्राण करता है, जिससे प्रेरित होकर वाणी बोलता है, जिसकी चेतना से अपनी रस इन्द्रिय से स्वाद-अस्वाद का अनुभव करता है, वही जीवात्मा के मित्र परमात्मा उपासनीय हैं। भागवत (४/९/५) में श्री ध्रुव जी ने यही कहा— हे प्रभो! जो मेरे अन्तःकरण में प्रवेश करके सम्पूर्ण शक्तियाँ धारण करते हुए अपने दिव्य तेज से सोई हुई मेरी वाणी एवं हाथ, चरण, श्रवण, त्वक् तथा मेरे प्राणों को जीवनशक्ति प्रदान कर रहे हैं। ऐसे आप भगवान् को मेरा नमस्कार हो।। श्री ।।

अतः जीवात्मा के सम्पूर्ण अंगों को परमात्मा से शक्ति मिली है इसलिए वही उपास्य है।। श्री ।।

जो यह हृदय है, वही मन है और संज्ञान, अज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान,

मेधा, दृष्टि, धृति, मति, मनीषा, जूति, स्मृति, संकल्प, क्रतु, असु, काम और वश में ये सब प्रज्ञानरूप परमात्मा के ही नाम हैं॥ श्री॥

व्याख्या– यहाँ हृदयशब्द में 'हृदि अयं' ये दो शब्द जुड़े हैं। अर्थात् हृदय में यह परमात्मा हैं। इसी प्रकार इस मन की भिन्न अवस्थाओं के कारण संज्ञान से लेकर वश तक इसके नाम हैं। चूँकि जगत् भगवान् का शरीर है। इसलिए जगत् और जगदीश का अभेद है॥ श्री॥

यही परब्रह्म परमात्मा ब्रह्मा हैं, यही इन्द्र हैं, यही प्रजापति हैं, यही सम्पूर्ण देव हैं, यही पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश ये पंच महाभूत भी परब्रह्म परमात्मा हैं, यही नक्षत्र हैं, यही भगवान् हैं, क्षुद्र और मिश्र जीव हैं, यही नक्षत्र हैं, यही अण्डज, पिण्डज, जारायुज, उद्‌भिज, सब कुछ हैं, यही घोड़े, गौ, पुरुष, हाथी हैं। जो कुछ चिदचिदात्मक स्थावरजंगममात्र हैं, वह सब प्रज्ञा नेत्र अर्थात् भगवान् की चेतना से ही चेष्टित हैं। यहाँ जीव और जगत् में शरीरशरीरिभाव मान कर अभेद दृष्टि से प्रथमा विभक्ति की गयी हैं। यह सारा संसार प्रज्ञानरूप ब्रह्म में प्रतिष्ठित हैं। यह लोक उस परमात्मा की चेतना से अनुप्राणित है। प्रज्ञा अर्थात् परमात्मा की चेतना ही सबकी प्रतिष्ठा है। प्रज्ञान ही ब्रह्म है। प्रकृष्ट है ज्ञान जिसमें उसे प्रज्ञान कहते हैं। जीव का ज्ञान अज्ञान से बाधित हो जाता है जैसा— 'अज्ञानेनावृतं ज्ञानम्' गीता (अध्याय ५/१५) में भगवान् कहते हैं कि— जीव का ज्ञान अज्ञान से अवृत है। इस प्रकार पर ब्रह्म का ज्ञान कभी अज्ञान से आवृत्त नहीं होता। वे सहज प्रकाश रूप हैं। अत: वही प्रज्ञानब्रह्म है। इस प्रज्ञानब्रह्म के द्वारा अर्थात् इसकी कृपा से यह जीवात्मा मृत्युलोक उत्क्रमण करके स्वर्गलोक में भी प्रसंशा प्राप्त करने वाले साकेतलोक में भगवत् प्रसादरूप सभी कामनाओं को प्राप्त करके जन्म-मरण के भय से मुक्त हो करके भगवान् का नित्य परिकर बन जाता है। 'समभवत्' शब्द में व्यत्यय से वर्तमान के अर्थ में लङ् लकार हुआ है। द्विरुक्ति आदरार्थ और ग्रन्थ समाप्ति की सूचना के लिए है। इस प्रकार ऐतरेयोपनिषद् का यह स्पष्ट सिद्धान्त है कि जीवात्मा परमात्मा का नित्यकिंकर है। वह अपने प्रमाद वश शरीर आदि सांसारिक

अनात्म पदार्थों में आत्मबुद्धि करके जन्म-मरण के चक्कर में पड़ता रहता है। ईश्वर की कृपा से जब उसे सद्गुरु की प्राप्ति होती है और उनसे शास्त्रीय विशिष्टाद्वैतसिद्धान्त का श्रवण करके वह अपने शुद्ध आत्मभाव में आकर स्वयं को भगवान् का दास और परमात्मा श्रीसीताराम को अपना स्वामी मान लेता है, तब भव-बन्धनों से मुक्त होकर प्रभु की नित्य सेवा का सौभाग्य प्राप्त कर लेता है॥ श्री॥

हे नवनील तमाल जलद सत्काम मनोहर,
हे करुणा आगार कृपामय चण्डधनुर्धर।
हे जानकी रमण रघुनन्दन विश्व विमोहन,
हे अनाथ के नाथ, नाथ रघुनाथ सुजन धन॥
हे राघव दशरथ सुवन कलिकराल कृतकार्य को,
ऐतरेय उपनिषद पर राघव कृपा सुभाष्य।
रामभद्र आचार्य किय भाषा बुधजन लास्य॥

॥ इति श्रीएतरेयोपनिषद् पर श्रीचित्रकूटतुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरुरामानन्दाचार्यस्वामी रामभद्राचार्य रचित श्रीराघवकृपाभाष्य सम्पूर्ण हुआ॥

॥ श्रीराघवोः शन्तनोतु॥

●

।। श्रीः ।।

ध्रुवमिदं, विश्वस्य विश्वेऽपि विचरकाश्चामनन्ति यज्जीवेनात्यन्तिकं सुखं नोपलब्धुं शक्यते केवलैः सांसारिकैर्भोगैः। तत्कृते तु तैः जगन्नियन्तुः परमात्मनः शरणमेवाङ्गीकरणीयम्। अनादिकालादेव सर्गेऽस्मिन् ब्रह्मजिज्ञासासमाधानपराः विचाराः प्रचलन्ति। विषयेऽस्मिन् सर्वे दार्शनिकाः सहमता यद्वेदैरेवास्य गूढरहस्यात्मकस्य परब्रह्मणः प्रतिपादनं सम्भवम्।

परब्रह्मणो निश्वासभूता अनन्तज्ञानराशिस्वरूपाः वेदाः ज्ञानकर्मोपासनाख्येषुत्रिषु काण्डेषु विस्कृताः सन्ति। एषां ज्ञानकाण्डाख्य उपनिषद्भागे वेदान्तापरनामधेया ब्रह्मविद्या वैशद्येन विर्वेचिता व्याख्याता चास्ति। आसामुपनिषदां सम्यग्ज्ञानेनैव ब्रह्मज्ञानं तेन च भवदुःखनिवृत्तिरित्युपनिषदां सर्वातिशायिमहत्वं राद्धान्तयन्ति मनीषिणः। आसु प्रश्नोत्तरात्मकातिरमणीयसुमम्यसरलशैल्या जेवात्मपरमात्मनोर्जगतश्च विस्तृतं व्याख्यानं कृतमस्ति। अनेकैर्महर्षिभिरनेकैः प्रकारैरुद्भावितानां ब्रह्मविषयकप्रश्नानां समाधानानि ब्रह्मवेतृणां याज्ञवल्क्यादिमहर्षीणां मुखेभ्य उपस्थापयन्त्युपनिषदः। भगवता वेदव्यासेन ब्रह्मसूत्रेषु भगवता श्रीकृष्णेन च श्रीगीतायामासामेव सारतत्वं प्रतिपादितम्।

भारतीयदर्शनानामाधारभूता इमे त्रयो ग्रन्थाः विभिन्नसम्प्रदायप्रवर्तकैराचरयैर्व्यख्याताः। एष्वद्वैतवादिन आद्यशङ्कराचार्याः प्रमुखा, अन्ये च द्वैतशुद्धाद्वैतद्वैताद्वैतशिवाद्वैतदिवादिनो विद्वांसः स्वस्वमतानुसारमुपनिषदः व्याख्यापयांबभूवुः।

अथ साम्प्रतिकभारतीयदार्शनिकमूर्धन्यैर्वेदवेदाङ्गपारङ्गतैर्धर्मध्वजधारिधौरेयैः श्रीरामानन्दाचार्यैः श्रीरामानन्दाचार्य श्रीरामभद्राचार्यमहाराजैर्विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तमनुसृत्य कृतामिदमुपनिषदां **''श्रीराघवकृपाभाष्यम्''** सर्वत्रैवाभिनवविचारैर्व्युत्पत्तिभिश्चालङ्कृतं विभाति। भाष्येऽस्मिन्नाचार्यचरणैः शब्दव्युत्पत्तिचातुरीचमत्कारेण सर्वोपनिषदां प्रतिपाद्यः भगवान् श्रीराम एवेति सिद्धान्तितम्। मध्ये मध्ये गोस्वामिश्रीतुलसीदासग्रन्थेभ्यः ससंस्कृतरूपान्तरमुदाहृता अंशविशेषासुवर्णे सुरभिमातन्वन्ति। श्रीराघवपदपद्ममधुकराः भक्ता अत्रामन्दानन्दमाप्नुयुरिति भगवन्तं श्रीराघवं निवेदयति।

डॉ. शिवरामशर्मा
वाराणसी